नैक द्वारा प्रत्यायित श्रेणी ''बी''

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................

दिनांक 25.01..2019

## प्रकाशनार्थ

**भारत–भारती पखवारा** के अन्तर्गत महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जंगल धूसड़, गोरखपुर प्रार्थना सभा में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रक्षाअध्ययन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रमाकान्त दूबे ने कहा कि भारतीय मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में वोट डालने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से वर्ष 1911 में राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शुरूवात हुई थी चुनाव आयोग प्रत्येक वर्ष 01 जनवरी के बाद 18 वर्ष की उम्र पूरा करने वाले नागरिकों को पंजीकृत करने के लिए अभियान चलाता है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश भारत राष्ट्रीय मतदाता दिवस को एक उत्सव के रूप में मनाता है। देश में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते है जो हमें राष्ट्र के प्रति अपने कर्त्तव्य की याद दिलाते है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रत्येक चुनाव में धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय, भाषा आदि के आधार पर प्रभावित हुए बिना निर्भीक होकर मतदान करने तथा देश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शान्तिपूर्ण चुनाव कराने की लोकतांत्रिक परम्परा को बरकरार रखने की शपथ ली।

**भारत भारती पखवारा** के अन्तर्गत **वाणिज्य विभाग** द्वारा आयोजित शोध व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए एम. काम. प्रथम वर्ष के छात्र श्री कृष्ण कुमार सिंह ने कहा कि अभिप्रेरणा मानवी जरूरतों की अभिव्यक्ति है मनुष्य जब कोई कार्य करता है तो इसके पीछे इसकी कोई न कोई ऐसी जरूरत होती है जो उसे इस कार्य को करने के लिए प्रेरित करती है। काम को करने के लिए प्रेरित करने वाली इन्ही जरूरतों को प्रेरणा कहते है। प्रतियोगिता में अभिप्रेरणा का व्यावसायिक महत्व, प्रबन्धकीय प्रणाली, मैनेजमेन्ट इन्फार्मेशन सिस्टम, जी.एस.टी., ऑनलाइन मार्केटिंग, उद्यमिता, भारत की आयात–निर्यात नीति, हाट स्टोव माडल, स्वरोजगार का महत्व, विश्व बैंक और भारत, व्यावसायिक संगठन, विश्व व्यापार संगठन और भारत, व्यावसायिक अनुशासन, बैलेन्स आफ पेमेन्ट, व्यावसायिक सोशल रिस्पॅान्सिबिर्लिटी, प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर आदि विषयों पर स्नातक एवं परास्नातक वर्ग के कुल 25 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश शुक्ल ने कहा कि आज प्रतियोगिता का युग है प्रत्येक क्षेत्र में प्रतियोगिताओं की बाहुल्यता है। शिक्षा, व्यवसाय, उद्योग, सर्वजनिक सेवा तथा पारिवारिक परिवेश में सफल होने के लिए अभिव्यक्ति की निपुणता की आवश्यकता होती है। आज के छात्र को अभिव्यक्ति की मौखिक एवं लिखित दोनो विद्याओं पर विशेष ध्यान देना चाहिए इस प्रकार की शोध व्याख्यान प्रतियोगिताए छात्रों के लिए उपयोगी सिद्ध होती है। कार्यक्रम को डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता, श्री नन्दन शर्मा, सुश्री श्वेता चौबे तथा नूपुर शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम संयोजक श्री वागीश राज पाण्डेय ने बताया कि प्रतियोगिता में एम. काम प्रथम वर्ष की सुश्री नम्रता पाण्डेय को प्रथम, श्री कृष्ण कुमार सिंह को द्वितीय तथा एम.काम. अन्तिम वर्ष के श्री अभिषेक श्रीवास्तव को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ जबकि एम.काम प्रथम वर्ष के श्री अजय गुप्ता एवं सुश्री रागनी गुप्ता को संयुक्त रूप से चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ।कार्यक्रम का संचालन एम. काम. प्रथम वर्ष के छात्र श्री तपेन्द्र सिंह ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. सुभाष कुमार गुप्त ने किया कार्यक्रम में सुश्री प्रिया सिंह, शिप्रा पटेल, सारिका पटेल, शाहिदा, राजश्री मिश्रा, नेहा, अंकिता सिंह सहित कुल 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

(डॉ0 राजेश शुक्ल)
सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी